● चन्हुदडो नामक स्थल पाकिस्तान के सिंध में मोहनजोदड़ो से 130 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यहाँ से प्राप्त अन्य अवशेषों में अलंकृत हाथी एवं कुत्ते द्वारा बिल्ली का पीछा करते हुए पदचिह्न प्राप्त हुए हैं।

**7.** (C) ● मोहनजोदड़ो नामक प्राचीन सिन्धु घाटी सभ्यता स्थल पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंधु नदी के किनारे स्थित है।

● मोहनजोदड़ो का शाब्दिक अर्थ ''मृतकों का टीला (Mound of Dead)'' होता है। यहाँ से विशाल स्नानागार, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर, दाड़ी वाले मनुष्य की पत्थर की मूर्ति, बुने हुए कपडे मिले हैं, जो सिन्धु घाटी सभ्यता पर प्रकाश डालने के लिए पर्याप्त हैं।

● सुतकागेंडोट नामक स्थल पाकिस्तान के दक्षिण–पश्चिमी राज्य बलूचिस्तान में दाश्त नदी के किनारे पर स्थित है। यह स्थान हड़प्पा और बेबीलोन के बीच व्यापार का केंद्र बिंदु था।

**8.** (B) ● बुर्ज होम परातात्विक स्थल से भूमिगत गड्डे के प्रमाण मिलते हैं। उत्तरी भारत क्षेत्र में नवपाषाणिक संस्कृति का उल्लेख कश्मीर क्षेत्र के अंतर्गत किया जाता है जिसमें बुर्जहोम एवं गुफकराल का विशेष महत्त्व है। बुर्जहोम की खोज 1935 ई. में डी. टेरा एवं पीटरसन द्वारा की गई थी। यहाँ से हसुली, खुरपी, छेनी, कुदाल, भेड़–बकरी आदि की हड्डियां, गड्ढे वाले घरों के अवशेष, शवाधान में मनुष्य के साथ कुत्ते को दफनाए जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

● मेहरगढ़ जो कि एक नवपाषाणिक पुरास्थल है, वर्तमान बलूचिस्तान में बोलन नदी के किनारे स्थित है। इस स्थान से हड़प्पा जैसे ईंटों के बने घर मिले हैं। इस स्थान से गेहूँ और जौ उपजाने के प्राचीनतम साक्ष्य भी मिले हैं।

● राणाघुँडई भी वर्तमान बलूचिस्तान में स्थित है और यहाँ से घोड़े के दांत के साक्ष्य मिले हैं।

**9.** (B) सिन्धु घाटी सभ्यता (2500-1750 ई. पू.) की मोहनजोदड़ो नामक स्थान पर काँसे की नर्तकी की मूर्ति प्राप्त हुई है। मोहनजोदड़ो सिन्धु नदी के किनारे तथा पाकिस्तान के सिन्धु प्रान्त में लरकाना जिले में स्थित है। इसकी खुदाई 1922 में राखलदास बनर्जी ने की थी।

**10.** (D) हड़प्पा सभ्यता (2500-1750 ई. पू.) के लोगों को सोना, चाँदी तथा ताँबा धातुओं का ज्ञान था किंतु लोहे का नहीं। क्योंकि सिन्धु सभ्यता में अधिकांश वस्तुएँ तांबे की मिश्र धातुओं कांसे आदि से बनी होती थी। इसी कारण इस सभ्यता को ताम्र–कांस्य सभ्यता भी कहा जाता है।

**11.** (C) सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष अफगानिस्तान के मुण्डीगाक और शर्तुघई से मिले हैं। मुण्डीगाक से प्राक् हड़प्पा के अवशेष मिले हैं।

12. (A) सिंधु घाटी सभ्यता अपने नगर नियोजन के लिए प्रसिद्ध थी। यहाँ सड़कें समकोण पर काटती थीं। जल निकास का प्रबंध उत्कृष्ट था। स्नानागार, कुआँ, शौचालय व अन्न भण्डार का कोठार इसकी अन्य नगरीय सामान्य विशेषताएँ थीं।

## 3 : वैदिक सभ्यता

13. (B)
- भारतीय इतिहास में वैदिक काल को चार वेदों के सृजन के लिए जाना जाता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद, इन चार वेदों के नाम हैं। ऋग्वेद 10 मंडलों (पुस्तकों) में विभाजित है।
- ऋग्वेद उपरोक्त चारों वेदों में प्राचीनतम है और इसकी रचना पूर्व वैदिक काल मे संस्कृत भाषा मे हुई थी। इसमें 10 पुस्तक या मंडल हैं और इन पुस्तकों या मंडलों में से, पुस्तक संख्या 1 और 10 सबसे छोटी हैं क्योंकि वे 2 से 9 तक की पुस्तकों की तुलना में बाद में लिखी गई थीं।
- ऋग्वेद में 10,600 छंद और 1,028 सूक्त हैं। इस वेद के 35% भाग की रचना रकहन ऋषि अंगिरस (ऋषि परिवार) ने और 25% भाग की रचना ऋषि कण्व परिवार ने की थी।
- ऋग्वेद मंत्रों का संकलन है जिसे यज्ञों के अवसर पर देवताओं की स्तुति के लिये ऋषियों द्वारा संगृहीत किया गया था। ऋग्वेद के कुल मंत्रों की संख्या 10 हजार से अधिक है।
- यजुर्वेद ऐसे मंत्रों का संग्रह है जिनसे पुरोहित द्वारा यज्ञ विधि को संपन्न कराया जाता था।
- सामवेद, ऋग्वेद से लिए गए एक खास प्रकार के स्तुति पद्यों का संग्रह मात्र है जिसे लय में ढाल दिया गया है।
- अंतिम वेद अथर्ववेद है जिसमें लौकिक फल देने वाले कर्मकांड तथा जादू–टोना–टोटका और इंद्र मायाजाल से संबंधित मंत्रों की उपस्थिति है।

14. (A)
- संहिताओं में वैदिक मंत्रों या भजनों का संग्रह है। इनके चार मुख्य रूप हैं; ऋग्वेदसंहिता, यजुर्वेदसंहिता, सामवेदसंहिता तथा अथर्ववेदसंहिता। इनका विभाजन वैदिक यज्ञों में काम करने वाले चार ऋत्विजों (यज्ञ कराने वालों) के कार्यों को ध्यान में रखकर हुआ था। यज्ञों में ये चार ऋत्विज होते थे...... होता, अध्वर्यु, उद्गाता तथा ब्रह्मा।
- विदथ एक सभा थी जिसका निर्माण धर्मनिरपेक्ष, धार्मिक और सैन्य उद्देश्यों के लिए किया गया था। यह आर्यों की सबसे प्रारंभिक लोक सभा थी, जो आर्थिक, सैन्य, धार्मिक और सामाजिक सभी प्रकार के कार्यों से संबंधित थी।
- बली विजय प्राप्त लोगों की ओर से किसी राजकुमार या किसी देवता को भेंट थी। हालाँकि ये भेंट न तो नियमित थी और न ही निर्धारित थी और इसलिए इसे कर नहीं कहा जा सकता है।
- संस्कृत ग्रंथों में, कुल शब्द का प्रयोग परिवारों के संदर्भ में किया जाता है और जाती शब्द रिश्तेदारों के बड़े समूह को संदर्भित करता है।

15. (D) वैदिक सिद्धान्तों के अनुसार, ब्राह्मणों या पुरोहितों की उत्पत्ति ब्रह्मा जी के मुख से, क्षत्रियों की उत्पत्ति उनकी भुजाओं से, शूद्रों की उत्पत्ति उनके पैरों से मानी जाती है। वैदिक काल का समय 1500 ई.पू. से 600 ई.पू. तक माना है।

16. (C) सही विकल्प सरस्वती नदी होगा। वैदिक सभ्यता 1500 ई. पूर्व से 1000 ई.पू. के बीच सरस्वती नदी पर विकसित हुई थी इसे आर्य सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है। वैदिक सभ्यता का विकास सिन्धु तथा सभ्यता (हड़प्पा सभ्यता) के उपरान्त का है।

17. (B) सामवेद गीत–संगीत प्रधान है। प्राचीन आर्यों द्वारा साम का गान किया जाता था। सामवेद चारों वेदों की आकार दृष्टि में सबसे छोटा होता है।

18. (A) वैदिक साहित्य के काल के संबंध में विद्वानों में मतभेद हैं, परन्तु फिर भी 2500 ई.पू. से 500 ई.पू. का काल सर्वमान्य है। वैदिक साहित्यों में वेद उपनिषद्, आरण्यक, उपवेद आदि सम्मिलित हैं।

19. (D) लुहार (लुहारगीरी) आर्यों द्वारा व्यवहार में नहीं लाई गई थी, क्योंकि ऋग्वैदिक काल में आर्यों को लोहे की जानकारी नहीं थी। इसलिए लुहारगीरी के व्यवसाय से वे अपरिचित थे। ऋग्वैदिक आर्यों को बढ़ईगीरी, कुम्हार, बुनकर, चर्मकार, स्वर्णकार आदि के बारे में मालूम था लेकिन उस समय लोहे की जानकारी नहीं थी लोहे जबकि उत्तर वैदिक काल में लोहे की जानकारी आर्यों को प्राप्त हो गई थी।

## 4 : छठी शताब्दी के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)

20. (B)
- महात्मा बुद्ध को बौद्ध धर्म का संस्थापक माना जाता है और इनका जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व शाक्य कुल में राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। इनकी माँ महामाया कोलीय वंश से सम्बन्धित थीं।
- अष्ट महास्थान वे आठ महान पवित्र स्थान हैं जिनका सम्बन्ध बुद्ध के जीवन से है। लुंबिनी, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिस्सा, राजगीर और वैशाली अष्ट महास्थान हैं। अतः सपष्ट है कि विकल्प (B) अर्थात् रायगढ़ अष्ट महास्थानों में से एक नहीं है।
- इन अष्ट महास्थानों से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्य निम्न हैं–
  **लुंबिनी**–बुद्ध का जन्म स्थान
  **बोधगया**–ज्ञान की प्राप्ति
  **सारनाथ**–प्रथम उपदेश
  **कुशीनगर**–बुध की मृत्यु
  **कोशल**–सन्यासी जीवन के सर्वाधिक 21 वर्ष बुद्ध ने यहां व्यतीत किये थे।
  **राजगृह**–बौद्ध धर्म का केंद्र
  **वैशाली**–मृत्यु से पहले बुद्ध का अंतिम वास
  **संकिस्सा**–बुद्ध की यात्रा से पवित्र हुआ स्थान

21. (B)
- तृतीय बौद्ध संगति का आयोजन पाटिलपुत्र में हुआ था। बौद्ध धर्म से सम्बन्धित कुल चार संगीतियों का आयोजन किया गया था जो निम्न है–

| संगीति | स्थान | समय | शासन काल | अध्यक्ष | कार्य |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | सप्तपर्णी (राजग्रह) | 483 ई. पू. | अजात शत्रु | महा कश्यप | बुद्ध के उपदेशों को सुत्त पिटक तथा विजय पटक में अलग–अलग संकलित किया। |
| द्वितीय | वैशाली | 383 ई. पू. | कालाशोक | साबकमीर (सर्वकामिनी) | भिक्षुओं में मतभेद के कारण स्थाविर एवं महासंधिक में विभाजन। |
| तृतीय | पाटलीपुत्र | 250 ई. पू. | अशोक | मोगलीपुत तिस्स | अभिधम्म पिटक का संकलन। |
| चतुर्थ | कुन्डनवन ने | 72 ई. | कनिष्क | वसुमित्र | बौद्ध, संघ का हीन यान एवं महा यान में विभाजन। |

**22.** (A) (i) श्वेताम्बर और दिगम्बर जैन धर्म के दो सम्प्रदाय है।
(ii) दिगम्बर जैन के सन्त वस्त्रहीन रहते हैं।
(iii) श्वेताम्बर के संत साधारण सफेद वस्त्र पहनते हैं।

**23.** (B) बुद्धचरित अश्वघोष के द्वारा रचित एक महाकाव्य है जिसमें बुद्ध के जन्म के समय से लेकर उनके निर्वाण प्राप्त करने तक बुद्ध के जीवन के बारे में वर्णन किया है। यह संस्कृत का महाकाव्य है इसकी रचना दूसरी शताब्दी में हुई थी। अश्वघोष कुषाण शासक कनिष्क के दरवार में निवास करते थे।

**24.** (D) बुद्ध के जन्मदिन की स्मृति में बेसक (Vesak) स्मृति दिवस मनाया जाता है। ये बोद्ध धर्म के संस्थापक थे इसी दिन इनका निर्वाण प्राप्त हुआ था।

**25.** (D) कल्पसूत्र –जैनों का प्रमुख ग्रंथ है जिसमें जैन तीर्थंकरों की विशेष रूप से पार्श्वनाथ और महावीर की जीवनियाँ सम्मिलित की गयी हैं।

**26.** (B) बौद्धों के विश्वास के अनुसार गौतम बुद्ध का अगला अवतार 'मैत्रेय' को माना जाता है। बौद्ध परम्परा के अनुसार मैत्रेय एक बोधिसत्व है जो भविष्य में पृथ्वी पर अवतार लेंगे और विशुद्ध धम्म की शिक्षाएँ तथा उपलब्धियाँ जो अधूरी रह गयी हैं, उन्हें पूर्ण करेंगे।

## 5 : अन्य धार्मिक आन्दोलन (भागवत, शैव तथा वैष्णव आदि)

**27.** (C)
- **वैशेषिक दर्शन :** इस दर्शन के प्रवर्तक महर्षि कणाद हैं जिन्होंने 'कणाद–सूत्र' की रचना की थी। इन्होंने द्रव्य अर्थात् भौतिक तत्त्वों का विवेचन करते हुए परमाणुवाद की स्थापना की।
- **सांख्य दर्शनः** कपिल मुनि द्वारा प्रवर्तित इस दर्शन को भारत का प्राचीनतम दर्शन माना जाता है। इसमें सत्कार्यवाद, विकासवाद तथा भौतिकता के साथ–साथ संख्या आधारित आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता प्रसिद्ध है।
- **योग दर्शनः** इसके प्रणेता पतंजलि हैं जिन्होंने 'योगसूत्र' नामक ग्रंथ की रचना की।
- **न्याय दर्शन :** न्याय–दर्शन के प्रवर्तक महर्षि गौतम माने जाते हैं, जिनका ग्रंथ 'न्यायसूत्र' इस दार्शनिक प्रवृत्ति का पहला ग्रंथ माना जाता है। इस दर्शन में तर्क और प्रमाण के प्रयोग का महत्त्व प्रतिपादित हुआ है।
- **मीमांसा दर्शन :** कर्मकांड, यज्ञ आधारित इस दर्शन के प्रतिपादन में आचार्य जैमिनी का नाम अग्रगण्य है। यह पुरोहितवाद, बाह्य आडंबर को बढ़ावा देने वाला दर्शन है।
- **वेदांत दर्शन :** बादरायण का सम्बन्ध इस दर्शन से है तथा उनका ब्रह्मसूत्र इस दर्शन का मूल ग्रंथ है। इसे उत्तर मीमांसा भी कहते हैं।

## 6 : मौर्य काल

**28.** (D)
- मौर्यो के प्रशासन में सीताध्यक्ष कृषि का अधिकारी था। चंद्रगुप्त मौर्य (323–295 ईसा पूर्व) ने गुरु चाणक्य की सहायता से अंतिम नन्द शासक घनानन्द को पराजित कर 25 वर्ष की आयु में मौर्य साम्राज्य की स्थापना की। उसकी माता का नाम 'मूर' जिसका संस्कृत में अर्थ मौर्य होता है, इसीकारण से इस वंश का नाम 'मौर्य वंश' पड़ा। बिन्दुसार (298 ई.पू. से 272 ई.पू.), अशोक (273 ई.पू. से 232 ई.पू.), बृहद्रथ इस वंश के प्रमुख शासक थे।
- मौर्य प्रशासन में कुछ महत्वपूर्ण अध्यक्षों का उल्लेख नीचे किया गया है :
  पण्याध्यक्ष–वाणिज्य विभाग का अध्यक्ष
  सुराध्यक्ष–आबकारी विभाग का अध्यक्ष
  सूनाध्यक्ष–बूचड़खाने का अध्यक्ष
  सीताध्यक्ष–राजकीय कृषि विभाग का अध्यक्ष
  अकराध्यक्ष–खान विभाग का अध्यक्ष
  कुप्याध्यक्ष–वनों का अध्यक्ष
  लक्षणाध्यक्ष–छापेखाने का अध्यक्ष। यह राज्य में मुद्रा जारी करने वाला प्रमुख अधिकारी था
  विविताध्यक्ष–चरागाहों का अध्यक्ष
  मुद्राध्यक्ष–पासपोर्ट विभाग का अध्यक्ष
  नवाध्यक्ष–जहाजरानी विभाग का अध्यक्ष
  संस्थाध्यक्ष–व्यापारिक मार्गो का अध्यक्ष
  पौतवाध्यक्ष–मापतौल का अध्यक्ष
  मानाध्यक्ष–दूरी और समय से सम्बन्धित साधनों को नियन्त्रित करने वाला अध्यक्ष
  अक्षपटलाध्यक्ष–– महालेखाकार।

**29.** (C)
- जीवक बिम्बसार के दरबार में नियुक्त किया था। बिम्बिसार (544–492 ईसा पूर्व) हर्यक राजवंश के संस्थापक थे। इनको श्रोणिक के नाम से भी जाना जाता था। वह भगवान बुद्ध के समकालीन थे। कोशलदेवी (कोशल के राजा की पुत्री और प्रसेनजित की बहन), चेल्लाना (लिच्छवी शासक चेतका की पुत्री और अजातशत्रु की माता) और खेमा (पंजाब के मद्रा की पुत्री) उसकी तीन पत्नियाँ थीं। इन्होनें ही जीवक को अपने दरबार में नियुक्त किया था। जीवक बुद्ध के निजी चिकित्सक भी थे। जब अवंती के शासक, प्रद्योता को पीलिया हुआ तो बिम्बिसार ने जीवक को ही उनके पास भेजा था।
- सम्राट अशोक (273–232 ईसा पूर्व) मौर्य वंश के सम्राट थे। जैन अनुश्रुति के अनुसार अशोक ने बिन्दुसार की इच्छा के विरुद्ध मगध के शासन पर अधिकार कर लिया। सिंहली अनुश्रुति के अनुसार अशोक ने अपने 99 भाइयों की हत्या करके सिंहासन प्राप्त किया। दक्षिण भारत से प्राप्त मास्की एवं गुर्जरा अभिलेखों में उसका नाम अशोक तथा पुराणों में 'अशोक बर्द्धन' मिलता है। अभिलेखों में अशोक ईरानी शैली (दास प्रथम) में 'देवानामप्रिय' तथा 'देवानाम पियदस्सी' उपाधियों से विभूषित है।
- चन्द्रगुप्त के पश्चात उसका पुत्र समुद्रगुप्त (350–375 ई.) सिंहासन पर बैठा। इलाहाबाद शिलालेख के अनुसार समुद्रगुप्त एक महान कवि और संगीतकार था। समुद्रगुप्त को उसकी राज्य प्रसार नीतियों के कारण 'भारत का नेपोलियन' भी कहा गया है।
- राजा कृष्णदेव राय (1509–29 ई.) विजयनगर साम्राज्य के तुलुव वंश का शासक था। उसके शासन में विस्तार और समेकन संबंधी विशेषताएँ थीं। उसे कुछ बेहतरीन मंदिरों के निर्माण और कई महत्त्वपूर्ण दक्षिण भारतीय मंदिरों में प्रभावशाली गोपुरम जोड़ने का श्रेय दिया जाता है। उसने विजयनगर के पास एक उपनगरीय बस्ती की भी स्थापना की, जिसे 'नागालपुरम' भी कहा जाता था। उन्होंने तेलुगू भाषा में शासन कला पर आधारित ग्रंथ 'अमुक्तमाल्यदा' की रचना की।

**30.** (D) सही विकल्प (D) है। तक्षशिला विश्वविद्यालय भारत का प्राचीन विश्वविद्यालय है। जो गांधार की राजधानी तक्षशिला में था। इसमें कौटिल्य राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र विषय का अध्ययन कार्य सम्पन्न कराते थे। कौटिल्य को अन्य नामों विष्णुगुप्त और चाणक्य नाम से भी जाना जाता है। प्राचीन भारत में तक्षशिला शिक्षा का एक प्रमुख केन्द्र था। यह हिन्दू व बौद्ध दोनों के लिए महत्व का केन्द्र था। 405 ई. में चीनी यात्री फाह्यान ने तक्षशिला की यात्रा की थी।

**31.** (A) साँची का स्तूप रायसेन (मध्य प्रदेश) में स्थित है। ये अशोक द्वारा बनवाये गये स्तूपों में सबसे विशाल और श्रेष्ठ है। इस स्तूप को 'महास्तूप' भी कहा जाता है। इसमें बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र व मोग्लायन की आधियों रखी हुई हैं।

## 7 : गुप्त काल

**32.** (C) सूरदास चन्द्र गुप्त के दरबार में नवरत्न का हिस्सा नहीं थे। गुप्त वंश के राजा चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य के दरबार में नवरत्न रहते थे। जिनमें– धन्वन्तरि, क्षपणक, अमर सिंह, शंकु, वेतालभट्ट, घटखरिक, कालिदास, वाराहमिहिर और वररूचि थे। सूरदास का सम्बन्ध दिल्ली सल्तनत के उत्तरवर्ती सुल्तानों के समय का है।

## 8 : गुप्तोत्तर काल

**33.** (D) कदंब राजवंश आधुनिक समय के कर्नाटक का एक प्राचीन शाही राजवंश था। कदंब दक्षिण भारत का एक क्षत्रिय मराठा राजवंश था। इस राजवंश ने किसी पल्लव राज्याधिकारी द्वारा अपमानित होकर चौथी शताब्दी (लगभग 345 ई.) के मध्य में प्रतिशोधस्वरूप कर्नाटक में एक छोटा सा राज्य स्थापित किया था। इस राज्य की राजधानी वैजयंती अथवा बनवासी थी। इस राजवंश का संस्थापक मयूर शर्मन नाम का एक ब्राह्मण था जो विद्या अध्ययन के लिए कांची में रहता था।

**34.** (B) ह्वेनसांग एक चीनी यात्री था जो वर्धन वंश के शासक हर्षवर्धन ओर चालुक्य शासक पुलकेशन II (606-647) के शासन काल में भारत आया था। इनकी पुस्तक का नाम ''सी यू की' है। ह्वेनसांग को यात्रियों का राजकुमार या नीति का पंडित या वर्तमान शाक्यमुनि भी कहा जाता है।

**35.** (A) बाणभट्ट हर्ष के दरबारी कवि थे। उन्होंने 'हर्षचरित' तथा 'कादम्बरी' की रचना की थी।

## 9 : संगम काल तथा दक्षिण भारतीय साम्राज्य

**36.** (C) कन्नड़ भाषा में अमाघवर्ष ने कविराज मार्ग की रचना की ।
अमोघवर्ष राष्ट्रकूट वंश के महानतम शासक थे। वे जैन धर्म के अनुयायी थे। उनकी शांतिप्रियता एवं उदारवादी दृष्टिकोण के कारण इतिहासकारों ने इनकी तुलना सम्राट अशोक से की है। इनके शासनकाल में महान गणितज्ञ 'महावीराचार्य' को प्रमुख स्थान प्राप्त था।

**37.** (A) दक्षिण में राष्ट्रकूट नामक वंश का संस्थापक दुंतिदुर्ग था। दंतिदुर्ग का शासनकाल 753-758 ई. के मध्य था। इसने अपनी राजधानी मयूरखिड़ी (महाराष्ट्र) में बनाई थी। कृष्ण प्रथम, दंतिदुर्ग का उत्तराधिकारी था, तथा महान शक्तिशाली शासक था। कृष्ण प्रथम के द्वारा ही एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मंदिर का निर्माण करवाया था।

**38.** (D) विजयनगर साम्राज्य की स्थापना वर्ष 1336 में हुई थी।
विजयनगर साम्राज्य की स्थापना संगम वंश के दो भाइयों 'हरिहर एवं बुक्का' द्वारा 1336 में कृष्णा की सहायक तुगभंद्रा नदी के तट पर की गई थी। यह दोनों भाई पहले काकतीय वंश के सामंत हुआ करते थे । इस साम्राज्य के 'चार' राजवंश थे जो निम्न थे–
संगम वंश [1336 – 1485]
सलुव वंश [ 1485 – 1505]
तलुव वंश [1505 – 1570]
अरवीडु वंश [1570 – 1649]

**39.** (C)
- कंबन ने 12वीं शताब्दी में रामायण को तमिल भाषा में लिखा था तथा इसको कम्बरामायण के नाम से जाना जाता है। ये कुलोत्तुंग के दरबारी कवि थे।
- दक्षिण भारत (कृष्णा एवं तुंगभद्रा नदी के दक्षिण में स्थित क्षेत्र) में लगभग तीन सौ ईसा पूर्व से तीन सौ ईस्वी के बीच की अवधि को संगम काल के नाम से जाना जाता है। ज्ञात हो कि इस काल में संगम तमिल कवियों के एक संगम या सम्मलेन को प्रमुखों या राजाओं के संरक्षण में आयोजित किया गया था। आठवीं शताब्दी ई. में पाण्ड्य राजाओं के संरक्षण में तीन संगमों का आयोजन किया गया था।

**40.** (A)
- तोलकप्पियार तमिल भाषा के प्रसिद्ध प्राचीन व्याकरणविद् हैं। इन्होनें ही तोलकाप्पियम् नामक व्याकरण के प्रसिद्ध ग्रन्थ की रचना की थी। यह द्वितीय संगम का उपलब्ध एकमात्र प्राचीनतम ग्रंथ है। यह उस समय की राजनीतिक और सामाजिक–आर्थिक स्थितियों की जानकारी भी प्रदान करता है।
- शिलप्पादिकारम् 'इलांगोआदिगल' द्वारा और मणिमेखलै 'सीतलैसत्तनार' द्वारा लिखे गए महाकाव्य हैं। इन महाकाव्यों द्वारा तत्कालीन संगम समाज और राजनीति के विषय में अच्छी जानकारी प्राप्त होती है।

**41.** (C)
- चोल शिलालेखों के अनुसार, चोल राजाओं ने अपनी प्रजा को पाँच प्रकार के 'भूमि उपहार' में दी थी।

शालाभोग : यह विद्यालय के रखरखाव के लिए दान की गई भूमि है,
देवदान : मंदिरों को दान में दी गई भूमि,
पल्लीचंदम; जैन संस्थानों को दान में दी गई भूमि,
ब्रह्मदेय–ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि थी।
**वेल्लनवगई**–गैर ब्राह्मण किसानों मालिकों को दान की गई भूमि।

**42.** (D) राजा कृष्णदेव राय तुलुव वंश से थे तथा 1509 से 1529 तक विजय नगर के शासक थे। इन्होंने तेलुगु भाषा में आमुक्तमाल्यद पुस्तक की रचना की। इनके दरबार में तेनालीराम नामक प्रसिद्ध विद्वान भी था। राजा कृष्णदेव राय पुर्तगाली गवर्नर अल्फांसो डी. अल्बुकर्क के मित्र थे तथा बाबर के समकालीन थे।

**43.** (B) महाबलीपुरम के सप्तरथ मन्दिरों को सप्त पैगोडा भी कहा जाता है। महाबलीपुरम के रथ मंदिरों का निर्माण सातवीं शताब्दी में पल्लव शासक नृसिंह देव वर्मन ने कराया था। यहाँ पर गंगावतरण जैसी मूर्तियों से युक्त गुफा मंदिर एवं शैव मंदिर प्रमुख हैं।

## 10 : पूर्व मध्य काल

**44.** (A) त्रिपक्षीय संघर्ष, जिसे कन्नौज ट्राइएंगल वार के रूप में भी जाना जाता है, 8वीं और 9वीं शताब्दी में, इन तीन महान भारतीय राजवंशों में पाल, प्रतिहार और राष्ट्रकूट के बीच हुआ था।
अरबों के आक्रमण के उपरान्त भारतीय प्रायद्वीप के अन्तर्गत तीन महत्वपूर्ण शक्तियाँ थीं गुजरात एवं राजपूताना के गुर्जर–प्रतिहार, दक्कन के राष्ट्रकूट एवं बंगाल के पाल। कन्नौज पर अधिपत्य को लेकर लगभग 200 वर्षों तक इन तीन महाशक्तियों के बीच होने वाले संघर्ष को ही त्रिपक्षीय संघर्ष कहते हैं।

**45.** (D) पृथ्वीराज चौहान (1178–92) चौहान वंश के हिन्दू सम्राट थे। जो अजमेर और दिल्ली में राज्य करते थे। इनकी माता कर्पूरा देवी व पिता सोमेश्वर चौहान तथा इनका जन्म 1166 ई. में तथा इनकी मृत्यु 11 मार्च, 1192 को हुई थी।

## 11 : विविध

**46.** (C) चोल साम्राज्य में वेट्टी कर की वसूली नकद रूप में न करके जबरन श्रम के रूप में की जाती थी। चोल प्राचीन भारत का एक राजवंश था। दक्षिण भारत में और पास के अन्य देशों में तमिल चोल शासको ने 9 वीं शताब्दी से 13 वीं शताब्दी के बीच एक अत्यंत शक्तिशाली हिंदू साम्राज्य का निर्माण

किया। चोल वंश का संस्थापक विजयालय (850 से 870-71 ई.) पल्लव अधीनता में उरैयुर प्रदेश का शासक था।

**47.** (A) ● पहली शताब्दी ईसा पूर्व, मुजिरिस (मलयालम भाषा में मुचिरी) मालाबार तट पर एक प्राचीन बंदरगाह और शहरी केंद्र था। यह तब एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा जब केरल ने खुद को मसाले के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया।

● पलूर जिसे बौद्ध जातक के दांतपुरा के रूप में जाना जाता है, प्राचीन ओडिशा के तट पर एक महत्वपूर्ण बंदरगाह था।

● बैरगाजा वर्तमान समय में गुजरात में नर्मदा नदी के उत्तरी तट पर स्थित भरूच बंदरगाह का प्राचीन नाम था। इसे यह नाम मौर्य काल से पहले ग्रीक और रोमन व्यापारियों द्वारा दिया गया था।

● ताम्रलिप्ति प्राचीन बंगाल का एक शहर था, जो पश्चिम बंगाल में आधुनिक भारत के मिदनापुर जिले में स्थित था।

**48.** (C) ● इलाहाबाद (प्रयागराज), उत्तर प्रदेश में तीन अलग–अलग अवधियों, यानी मौर्य काल, गुप्त काल और मुगल काल के शिलालेखों वाला एक स्तंभ स्थित है। इस स्तम्भ पर तीन सम्राटों अर्थात अशोक (मौर्य वंश), समुद्रगुप्त (गुप्त वंश) और जहाँगीर (मुगल वंश) के शिलालेख स्थित हैं।

● 200 ई. में इस स्तंभ को समुद्रगुप्त कौशाम्बी से प्रयाग लाये थे और समुद्रगुप्त दरबारी कवि हरिषेण द्वारा रचित प्रयाग–प्रशस्ति इस पर खुदवायी गयी।

● वर्ष 1605 ई. में इस स्तम्भ पर मुगल सम्राट जहाँगीर के तख्त पर बैठने का वृत्तांत भी खुदवाया गया।

**49.** (B) सही विकल्प (B) है। तुंगभद्रा दक्षिण भारतीय राज्यों कर्नाटक और आन्ध्रप्रदेश राज्यों में बहने वाली नदी है। यह नदी कृष्णा में मिल जाती है। रामायण काल में इसे पम्पा के नाम से जाना जाता था। इस नदी का जन्म तुंगा और भद्रा दो नदियों के मिलन से होता है। ये दोनों नदियाँ शिमोगा के पास मिल जाती हैं।

**50.** (D) किरतार्जुनीयम विशाखदत्त द्वारा नहीं लिखीं गई इसकी रचना भारवि ने की थी। कालिदास के पश्चात् संस्कृत कवियों में भारवि का स्थान ऊँचा है उनकी एकमात्र रचना किरातार्जुनीयम् महाकाव्य है जिसकी कथावस्तु महाभारत से ली गयी है। इसमें अर्जुन तथा किरात वेषधारी शिव के बीच युद्ध का वर्णन है।

**51.** (B) प्राचीन भारत के चिकित्सक त्रय के रूप में चरक, सुश्रुत और पतंजलि को जाना जाता है। चरक प्राचीन भारत में आयुर्वेद आधारित चिकित्सा पद्धति के जनक थे। सुश्रुत प्रमुख शल्यचिकित्सक थे। पतंजलि योग चिकित्सा पद्धति के जनक तथा व्याकरणाचार्य थे।

❑❑

अध्याय 2

# मध्यकालीन भारत का इतिहास
## (Medieval Indian History)

### 1 : भारत पर मुस्लिम आक्रमण

**1.** मुहम्मद गौरी को 1191 में एक ......... शासक द्वारा पराजित किया गया था।
(A) गढ़वाल (B) मौर्य
(C) चाहमान (D) चालुक्य
Muhammad Ghori was defeated in 1191 by a _______ ruler.
(A) Garhwal (B) Maurya
(C) Chahamana (D) Chalukya
**[SSC CPO 24-11-2020 (II-Shift)**

**2.** मुहम्मद गौरी का पहला आक्रमण ........ में हुआ था, जब उसने सुल्तान पर हमला किया था।
(A) 1475 ई. (B) 1175 ई.
(C) 1287 ई. (D) 1089 ई.
The first invasion of Muhammad Ghori took place in _____, when he attacked the Sultan.
(A) 1475 AD (B) 1175 AD
(C) 1287 AD (D) 1089 AD
**[SSC CPO, 16 मार्च 2019, (प्र.पा.)]**

**3.** तराइन (Tarain) की दूसरी लड़ाई वर्ष___ _____में लड़ी गयी थी।
(A) 1345 ई (B) 1192 ई
(C) 1294 ई (D) 1079 ई
The second battle of Tarain was fought in the year ______.
(A) 1345 AD (B) 1192 AD
(C) 1294 AD (D) 1079 AD
**[SSC CPO, 13 मार्च 2019 (द्वि.पा.)]**

**4.** दी गई घटनाओं को उनके कालानुक्रम अनुसार लगाएँ।
1. सिपाही विद्रोह
2. वास्को डि गामा भारत पहुँचा
3. बाबर द्वारा साम्राज्य की शुरुआत
(A) 1, 3, 2 (B) 3, 1, 2
(C) 2, 3 , 1 (D) 3, 2, 1
Arrange the given events in their chronological order.
1. Sepoy Mutiny
2. Vasco da Gama reached India
3. Beginning of the Empire by Babur
(A) 1.3.2 (B) 3, 1, 2
(C) 2, 3, 1 (D) 3, 2, 1
**[SSC CPO, 7 जुलाई 2017, (प्र.पा.)]**

**5.** पानीपत की प्रथम लड़ाई किन दो सेनाओं के बीच लड़ी गयी थी?
(A) बाबर तथा लोदी साम्राज्य
(B) ब्रिटिश तथा बाबर
(C) अकबर तथा हेमू
(D) अकबर तथा मेवाड़ के राणा
Between which two armies was the first battle of Panipat fought?
(A) Babur and Lodi Empire
(B) British and Babur
(C) Akbar and Hemu
(D) Akbar and Rana of Mewar
**[SSC CPO, 1 जुलाई 2017, (द्वि.पा.)]**

**6.** किस तुर्की शासक ने भारत में 1000 और 1026 ईसवी के बीच 14 बार आक्रमण किया ?
(A) महमूद गजनवी (B) मुहम्मद तुगलक
(C) चंगेज खान (D) महमूद गालिब
Which Turkish ruler invaded India 14 times between 1000 and 1026 AD?
(A) Mahmud Ghaznavi
(B) Muhammad Tughlaq
(C) Genghis Khan
(D) Mahmood Ghalib
**[SSC CPO, 5 जून 2016, (द्वि.पा.)]**

**7.** रोमन साम्राज्य के साथ भारत का व्यापार रोम पर किसके द्वारा आक्रमण के साथ समाप्त हो गया?
(A) अरबों द्वारा (B) हंगेरियाइयों द्वारा
(C) हुणों द्वारा (D) तुर्कों द्वारा
India's trade with the Roman Empire ended with the invasion of Rome by?
(A) By Arabs
(B) By the Hungarians
(C) By Hunas
(D) Turkey
**(SSC सी.पी.ओ. सब–इंस्पेक्टर परीक्षा–03.09.2006)**

### 2 : दिल्ली सल्तनत का उदय

**8.** दिल्ली में स्थित कुतुब मीनार की ऊँचाई (मीटर में ) लगभग कितनी है?
(A) 73 (B) 71
(C) 75 (D) 77
What is the approximate height (in metres) of the Qutub Minar situated in Delhi ?
(A) 73 (B) 71
(C) 75 (D) 77
**[SSC CPO 11-11-2022 (I-Shift)]**

**9.** आगरा शहर की स्थापना किसने की ?
(A) बाबर (B) अकबर
(C) राजा भोज (D) सिकंदर लोदी
Who founded the city of Agra ?
(A) Babur (B) Akbar
(C) Raja Bhoj (D) Sikandar Lodi
**[SSC CPO 11-11-2022 (I-Shift)]**

**10.** ______ दिल्ली सल्तनत के शाही दरबार में एक महत्वपूर्ण पद था और उसकी भूमिका सभी विभागों के एक सामान्य पर्यवेक्षक की थी।
(A) दीवान-ए-वकूफ
(B) दीवान-ए-मुस्तखराज
(C) दीवान-ए-अमीर कोही
(D) दीवान-ए-विजारत
_____ was a key position in the royal court of Delhi sultanate and his role was of a general supervisor over all departments.
(A) Diwan-i-Waqoof
(B) Diwan-i-Mustakharaj
(C) Diwan-i-Amir kohi
(D) Diwan-i-Wizarat
**[SSC CPO 11-11-2022 (III-Shift)]**

**11.** _______ दिल्ली सल्तनत के दौरान राज्य के लिए की गई सेवाओं के बदले प्रशासनिक अधिकारियों और रईसों को सुपुर्द एक क्षेत्रीय कार्य था।
(A) मुहात्सिब (B) नाजिर
(C) इक्ता (D) अशरफ
The ______ was a territorial assignment given to administrative officers and nobles in lieu of the services they performed for the state during Delhi sultanate.
(A) Muahatsib (B) Nazir
(C) Iqta (D) Usharaf
**[SSC CPO 11-11-2022 (III-Shift)]**

**12.** निम्नलिखित में से कौन मोरक्को यात्री मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल के दौरान भारत आया था?
(A) सुलेमान अल-ताजिरी
(B) अब्द-अल-रज्जाक